प्रेस नोट

दिनांक 29.10.2024

आगामी त्यौहार दीपावली के दृष्टिगत श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा आतिशबाजी स्थल (लगने वाली दुकानों) की सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया गया:-

आज दिनांक 29.10.2024 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना कोतवाली नगर व थाना सुमेरपुर क्षेत्र अन्तर्गत कस्बा हमीरपुर सदर व कस्बा सुमेरपुर में आगामी त्यौहार दीपावली पर्व, पर लगने वाले पटाखे के स्टॉल, आतिशबाजी की दुकानो के स्थान का जायजा लिया गया, फायर ब्रिगेड को सक्रीय रहने व अन्य सुरक्षा व्यवस्था संबंधित आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए तथा दुकानदारों को सीसीटीवी , कैमरे ,अग्निशमन उपकरण लगाने के लिए प्रेरित किया गया तथा यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए चौराहों पर बैरियर लगाने संबंधित आवश्यक निर्देश दिए गए।

इस मौके पर क्षेत्राधिकार ,सदर व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।